12.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- विधानसभा में राइट टू हैल्थ कानून के नियमों को लेकर तीखी बहस–विपक्ष ने सदन से वॉक आउट किया।
- केन्द्र सरकार ने औद्योगिक संबंध संहिता के प्रावधानों को सरल बनाने के लिये संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया।
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा – सरकार शिक्षा क्षेत्र में ए.आई के उपयोग को बढावा दे रही है।
- प्रदेश में तापमान में लगातार बढ़ोतरी से दिन में सर्दी का असर लगभग खत्म।

000

विधानसभा में आज 'राइट टू हेल्थ' कानून के नियमों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि वर्तमान में 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' के तहत प्रदेशवासियों को निःशुल्क उपचार मिल रहा है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर इस कानून को केवल चुनावी लाभ के लिए लाने का आरोप लगाया। इस बयान पर विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और गोविंद सिंह डोटासरा ने कानून लागू करने की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। सदन में हंगामे के बीच कांग्रेस विधायक वेल में आकर नारेबाजी करने लगे और बाद में सदन से वॉकआउट कर गए।

000

राज्य विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति ने 19 फरवरी तक के कामकाज का निर्धारण कर दिया है। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सदन में समिति का प्रतिवेदन रखा, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया। तय कार्यक्रम के अनुसार, आज और कल के बाद 16 और 17 फरवरी को बजट पर चर्चा जारी रहेगी। 14 और 15 फरवरी को विधानसभा का अवकाश रहेगा। आगामी 17 फरवरी को वित्त मंत्री दीया कुमारी बजट बहस पर सरकार की ओर से जवाब देंगी। इसके बाद, 18 और 19 फरवरी को सदन में अनुदान मांगों पर बहस के बाद उन्हें पारित किया जाएगा।

000

लोकसभा में आज औद्योगिक संबंध संहिता–संशोधन विधेयक 2026 पेश किया गया। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन में यह विधेयक पेश करते हुए बताया कि इसके जरिये 2020 की औद्योगिक संबंध संहिता से जुड़े जटिल प्रावधानों को सरल बनाया जा रहा है।

000

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सरकार शिक्षा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के उपयोग को बढावा दे रही है। दिल्ली में भारत बोधन एआई सम्मेलन–2026 में उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था में एआई पर तेजी से काम हो रहा है और इसके लिए देश में पर्याप्त युवा प्रतिभाएं मौजूद हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि एआई को भारत की शिक्षा प्रणाली में कक्षा तीन से लेकर उन्नत शोध स्तर तक पाठयक्रम में शामिल किया जाएगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज जोधपुर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अर्जित ज्ञान को राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया। श्री बागडे ने कहा कि शिक्षा परंपरा में आधुनिक तकनीक के साथ भारतीय मूल्यों का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई को मानव मस्तिष्क के विकल्प के बजाय एक सहायक उपकरण के रूप में उपयोग करने

की सलाह दी। समारोह में 52 हजार 682 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध की उपाधियां प्रदान की गईं। कुल 59 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए।

000

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राज्य बजट 2026—27 को 'विकसित राजस्थान' का सशक्त रोडमैप बताया है। जयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. बैरवा ने कहा कि 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये का यह बजट गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को समर्पित है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के लिए 69 हजार करोड़ रूपये और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 32 हजार 526 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

000

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि बजट में अवसंरचना विकास और निवेश प्रोत्साहन पर विशेष जोर दिया गया है।

विभिन्न जिलों के लोगों ने भी अपने क्षेत्रों के लिए की गई घोषणाओं के प्रति खुशी जाहिर की है। हनुमानगढ़ जिले के युवाओं ने प्रसन्नता जताते हुए इसे प्रदेश की प्रगति वाला बजट बताया है। हनुमानगढ पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आगामी दो वर्षों में चरणबद्ध रूप से आईसीटी लैब्स की स्थापना, सड़क निर्माण और किसानों के लिए ऋण संबंधी प्रावधानों का युवाओं ने स्वागत किया है। इसी तरह झुंझुनूं जिले के दोरासर में 'वॉर म्यूजियम' विकसित करने की घोषणा से ग्रामीणों में भारी उत्साह है। बजट में इस परियोजना के लिए लगभग छह करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर सरकार का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा बजट में की गई घोषणा से जिले के लोगों को पर्याप्त पानी मिलेगा।

000

कोटपुतली—बहरोड़ जिले के किसानों में भी बजट घोषणाओं के कारण उत्साह है। किसान रमेश चन्द्र ने बताया कि इस बजट से किसान आमदनी में बढोतरी होगी और जीवन स्तर भी सुधरेगा।

000

केंद्र सरकार ने रींगस—सीकर रेलखंड के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 50 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड के लिए 470 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस परियोजना से शेखावाटी क्षेत्र से जयपुर और दिल्ली के लिए रेल संपर्क और बेहतर होगा। दोहरीकरण होने से खाटूश्यामजी, सालासर और जीणमाता जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ—साथ सीकर और लक्ष्मणगढ़ में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा, रींगस से खाटूश्यामजी के बीच 18 किलोमीटर नई रेल लाइन का कार्य भी 254 करोड़ रुपये की लागत से प्रगति पर है।

000

प्रदेश में सर्दी का असर अब धीरे—धीरे कम होने लगा है। दिन और रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 25 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। वहीं रात के पारे में भी उछाल आया है। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। कल 31 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ चित्तौडगढ़ सबसे गर्म रहा। वहीं सीकर के फतेहपुर में सबसे सर्द रात रही जहां तापमान 5 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अलगे कुछ दिन तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना जतायी है।

000

जयपुर में कल जिला स्तरीय आंवला क्रेता—विक्रेता सम्मेलन और प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।यह कार्यक्रम 'पंच गौरव योजना' के अंतर्गत आंवला उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए साझा मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में करीब 700 किसान, व्यापारी और उद्यमी भाग लेंगे। प्रदर्शनी में आंवला उत्पादों के साथ आधुनिक कृषि उपकरणों और प्रसंस्करण तकनीकों का भी प्रदर्शन होगा।

000

अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में वन्यजीव स्वास्थ्य पर आधारित 11वां अंतरराष्ट्रीय फील्ड कोर्स आज से शुरू हुआ। 27 फरवरी तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सहित अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे दस देशों के पशु चिकित्सा अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा वन्यजीवों को बेहोश करने की तकनीक, फॉरेंसिक विज्ञान और महामारी नियंत्रण का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम को जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन और भारतीय वन्यजीव संस्थान सहित कई वैश्विक संस्थाओं का तकनीकी सहयोग प्राप्त है।

000